INDIAN SCHOOL SOHAR **SET 2**

PERIODIC ASSESSMENT - 1(2022-23)

CLASS : VII **MAX.MARKS : 20**

DATE :23 /05/22 **DURATION: 45 MINUTES**

सामान्य निर्देश : (i) इस प्रश्न - पत्र में कुल 6 प्रश्न हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

प्रश्न -1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5)

स्वार्थ और परमार्थ मानव की दो प्रवृत्तियाँ हैं। हम अधिकतर कार्य अपने लिए करते हैं। 'पर' के लिए सर्वस्व बलिदान करना ही सच्ची मानवता है। यही धर्म है, यही पुण्य है। इसे ही परोपकार कहते हैं। प्रकृति हमें निरंतर परोपकार का संदेश देती है। नदियाँ दूसरों के लिए बहती हैं। वृक्ष जीवों को छाया तथा फल देने के साथ-साथ धूप , आंधी , वर्षा आदि से उनकी रक्षा भी करते हैं।

प्रश्न (i) मानव की दो प्रवृत्तियाँ कौन सी हैं ?

प्रश्न (ii) कौन, किसके लिए बहती है ?

प्रश्न (iii) प्रकृति हमें निरंतर किसका संदेश देती है ?

प्रश्न (iv) सच्ची मानवता क्या है ?

प्रश्न (v) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न -2. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करने के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : (3)

(i) कक्शा -	(क) काक्षा	(ख) क्क्षा	(ग) कक्षा	(घ) काकषा
(ii) जनम -	(क) ज्न्म	(ख) जन्म	(ग) जन्मम	(घ) जन्मे
(iii) विश -	(क) विष	(ख) वीश	(ग) विश्ष	(घ) वीशह
(iv) शुशील -	(क) सुशिल	(ख) सुषील	(ग) सुशील	(घ) शूशील
(v) कन्ठ -	(क) कन्त्थ	(ख) कंठ	(ग) कंठे	(घ) कन्त
(vi) पृष्ट -	(क) पृशत	(ख) प्रिष्ट	(ग) पृष्ट	(घ) पृष्ठ

प्रश्न -3. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के किए शुद्ध वाक्य दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए : (2)

(i) 'सीता तीन आम खाए।' वाक्य का शुद्ध वाक्य क्या होगा ?

(क) सीता ने तीन आम खाए। (ख) सीता के तीन आम खाए।

(ग) सीता से तीन आम खाए। (घ) सीता को तीन आम खाए।

(ii) 'मेरे को वहाँ जाना है।' वाक्य का शुद्ध वाक्य क्या होगा ?

(क) मेरे का वहाँ जाना है। (ख) मेरी को वहाँ जाना है।

(ग) मुझे वहाँ जाना है। (घ) मेरे को वहाँ जानी है।

प्रश्न -4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) ' दादी माँ ' पाठ के लेखक का नाम लिखिए। (1)

(ii) दादी माँ का स्वभाव कैसा था ? (1)

(iii) बच्चे किस महीने में झागदार पानी में नहाना पसंद करते थे ? (1)

(iv) दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई थी ? (2)

प्रश्न -5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : (2)

(i) ज्वर (ii) स्नेह – कातर

प्रश्न -6. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए : (3)

(i) सुंदर- सा (ii) छोटी - सी (iii) दादाजी

....